# खंड–I

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

### मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय – सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल जिला – बैतूल, मध्यप्रदेश

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2038 / ई–टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 16-12-2025**

वनमंडलाधिकारी, सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित–2022) के अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है –

| क्र. | कार्य का विवरण | जानकारी | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Hi-Tech Sprinkler /Fogger Irrigation System** | अनुलग्नक –6 पर सब आईटम वार निविदा के साथ संलग्न बी.ओ.क्यू. अनुसार | 69,000/- | 1000/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।

2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / कैश कार्ड / इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई – प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 19-12-2025 शाम 05:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।

3. ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रकिया तिथियां लागू होगी।

4. ई–निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही ।

5. ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

**वनमंडलाधिकारी**
**सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल**

# कार्यालय, सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल (म0प्र0)

## वर्ष 2025–26 के निर्माण कार्य हेतु

## निविदा शर्ते

### भाग – 1

1. निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ से डाउनलोड करें।
2. यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु सामाजिक वानिकी वृत्त, बैतूल (म.प्र.) अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु आमंत्रित की जा रही है।
3. निर्माण कार्य हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।
4. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Published Date | 19-12-2025 | 05.00 PM |
| 2. | Document Sale Start Date | 19-12-2025 | 05.10 PM |
| 3. | Bid Submission Start Date | 19-12-2025 | 05.15 PM |
| 4. | Bid Submission End Date | 02-01-2025 | 12.00 PM |
| 5. | Bid Opening Date | 02-01-2025 | 05.00 PM |

5. **प्रक्रिया–1** निविदा प्रपत्र मूल्य रूपये 1000/– (रूपये एक हजार रूपये मात्र) है तथा अमानत की राशि रूपये 69,000/– (रूपये– उनहत्तर हजार रू. मात्र) है, जिसे जमा किया जाना है। जमा की दोनो रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है। उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सत्यंकार निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जावेगा। जमा की गई ऑनलाईन अमानत की राशि निविदा उपरांत निविदाकार को वापस कर दी जावेगी। चयनित निविदाकार को कार्य आदेश जारी होने के पूर्व रू. 500 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कर निर्माण कार्य की सुरक्षा निधि (निष्पादन सुरक्षा ) की राशि निर्माण कार्य के लिये भाग–2 में दर्शित तालिका अनुसार राशि रू. 69,000/– (रूपये– उनहत्तर हजार रू. मात्र) का एफ.डी.आर. सहायक वनसंरक्षक एवं प्रभारी अधिकारी सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल के पक्ष में जारी कराकर जमा कराना होगा। अन्यथा निविदा अस्वीकृत कर दी जावेगी। कार्यालय, सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल में जमा सुरक्षा निधि (निष्पादन सुरक्षा ) की राशि निविदा अवधि पूर्ण होने के उपरांत निविदाकार को वापस कर दी जावेगी। म.प्र. भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 यथा संशोधित 2022 के नियमानुसार अमानत व सत्यंकार की राशि से सूक्ष्म एवं लघु उद्यम व स्टार्टअप को छूट रहेगी।
6. **प्रक्रिया–2** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज पर फर्म की सील अंकित कर एवं हस्ताक्षरित कर दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने है। **अन्यथा की स्थिति में निविदा अमान्य की जावेगी।**
7. **प्रक्रिया–3** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में भाग–3 में दर्शित दस्तावेज पर फर्म की सील अंकित कर एवं हस्ताक्षरित कर दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने है। **अन्यथा की स्थिति में निविदा अमान्य की जावेगी।** वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।

(नवीन गर्ग)
भा.व.से.
**वनमंडलाधिकारी,**
**सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल**